# आईआईएम रांची : पीएचडी में नामांकन प्रक्रिया शुरू, 20 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

रांची| आईआईएम रांची के पीएचडी प्रोग्राम में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आवेदन की अंतिम तिथि 20 मार्च निर्धारित है। इसमें मैनेजमेंट के आठ विषयों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें इकॉनॉमिक्स, फाइनेंस एंड अकाउंटिंग, इंफॉर्मेशन सिस्टम एंड बिजनेस एनालिटिक्स, लिबरल आर्ट्स एंड साइंस, मार्केटिंग, ऑर्गनाइजेशन बिहेवियर एंड ह्यूमन रिसोर्स, ऑपरेशंस मैनेजमेंट, स्ट्रेटजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप शामिल है। इसमें आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को पहले शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। इसके बाद इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। इंटरव्यू के बाद नामांकन के लिए फाइनल सेलेक्शन किया जाएगा। इसमें सामान्य वर्ग के लिए आवेदन शुल्क दो हजार रुपए है। वहीं एसटी,एससी, पीडब्लयूडी कैटेगरी के लिए आवेदन शुल्क एक हजार रुपए निर्धारित है। ऑनलाइन आवेदन संस्थान की वेबसाइट के माध्यम से कर सकते हैं। साथ ही संबंधित अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

Dainik Bhaskar_14.01.2024_Pg. 07